## संपादकीय

# केंद्र में गठबंधन सरकार

चूकि लोकसभा चुनाव परिणाम में कोई भी पार्टी बहुमत का जादुई आंकड़ा नहीं छू सकी है, इसलिए इतना तय है कि केंद्र में गठबंधन सरकार होगी।

बेशक, भाजपा 240 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है, लेकिन बहुमत के आंकड़े 272 से यह संख्या काफी कम है। हालाकि भाजपा नीत गठबंधन की सीटों की संख्या 292 है, जबकि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के पास 233 सीटें हैं। इसलिए गठबंधन सरकार बनाने की कवायद दोनों तरफ से तेज हो गई है। साफ है कि सरकार बनाने में जदयू और तेलुगू देशम की भूमिका महत्त्वपूर्ण होगी। ये दोनों अभी भाजपा के सहयोगी दल हैं।

जदयू भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के महत्त्वपूर्ण घटक है, लेकिन 'इंडिया' गठबंधन के नेता दोनों दलों से संपर्क साधने में जुट गए हैं। इसलिए कि उन्हें लगता है कि इन दलों और भाजपा का सहयोग-साथ स्वाभाविक नहीं है, और भाजपा के साथ इन दलों के नेता सहज महसूस नहीं करते। जदयू के नेता नीतीश कुमार और तेलुगू देशम के नेता चंद्रबाबू नायडू के साथ ही रालोद मुखिया जयंत चौधरी, लोक जनशक्ति पार्टी के चिराग पासवान समेत छोटे दलों पर भी 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं की नजर है।

नीतीश कुमार से मल्लिकार्जुन खरगे, शरद पवार जैसे 'इंडिया' गठबंधन के बड़े नेताओं को खास उम्मीद है क्योंकि इस गठबंधन के शिल्पकार नीतीश ही थे। बाद में घटनाक्रम ऐसा रहा कि वे स्वयं को 'इंडिया' गठबंधन में 'उपेक्षित' महसूस करने लगे और अपने समर्थकों के साथ भाजपा नीत एनडीए का हिस्सा बन गए। लेकिन राजनीतिक परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। तेलुगू देशम के चंद्रबाबू नायडू से भी 'इंडिया' गठबंधन को खासी उम्मीद है।

दोनों नेता, हालांकि बाकायदा भाजपा के साथ हैं, लेकिन जिसके भी साथ होंगे सत्ता का पलड़ा उसके पक्ष में झुकाने में कारगर भूमिका निभा सकते हैं। वैसे अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी क्योंकि किसी तरफ के घटक दल को अपने साथ ले आना इतना आसान नहीं होता।

चूंकि किसी एक दल को बहुमत नहीं मिला है, इसलिए तोड़-जोड़ का खेल तेज होगा। आने वाले दिनों में एनडीए और 'इंडिया' के घटक दलों की यहां-वहां आवाजाही देखने को मिलेगी। बेशक, बदले हालात में राजनीतिक दलों की परिपक्वता कसौटी पर होगी। अलबत्ता, इतना साफ है कि मतदाता ने परिपक्वता दिखला दी है। सभी विशेषज्ञों के अनुमान से परे जाकर न तो किसी एक दल या गठबंधन को बहुमत दिया है, और न ही विभिन्न राज्यों में मतदान की दृष्टि से एक समान रुख दिखाया है।

# अदाणी सोलर कीवा पीवीईएल के पीवी मॉड्यूल रिलाएबिलिटी स्कोरकार्ड में लगातार सातवें साल टॉप परफॉर्मर

**अहमदाबाद**

अदाणी समूह की सोलर फोटोवोल्टाइक (पीवी) सेल बनाने वाली कंपनी अदाणी सोलर ने शुक्रवार को कहा कि कीवा पीवीईएल के पीवी मॉड्यूल रिलाएबिलिटी स्कोरकार्ड के 10वें एडिशन में उसे टॉप परफॉर्मर का सम्मान दिया गया है।



अदाणी सोलर अकेली भारतीय कंपनी है जो लगातार सातवें साल टॉप परफॉर्मर बनी है।

कीवा पीवीईएल अग्रणी स्वतंत्र प्रयोगशाला है जो सोलर इंडस्ट्री को सेवा प्रदान करती है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उनके वार्षिक स्कोरकार्ड में उन विनिर्माताओं को शामिल किया जाता है जिनके पीवी मॉड्यूल स्वतंत्र जांच में उल्लेखनीय गुणवत्ता वाले पाये जाते हैं।

अदाणी सोलर के सीईओ अनिल अदाणी ने कहा, हम एक बार फिर टॉप परफॉर्मर बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह सतत मान्यता उत्कृष्टता के लिए हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाती है।

भारत में निर्मित हमारे सोलर पीवी मॉड्यूल आधुनिक प्रौद्योगिकी, प्रीमियम कंपोनेंट और सुपीरियर डिजाइन से लैस हैं। इसकी विश्वसनीयता और इसका प्रदर्शन अनन्य है।

गुप्ता ने सभी हितधारकों को उनके लगातार समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और कहा, इस सेक्टर में सतत आधुनिकीकरण और अदाणी सोलर के लिए विशिष्ट स्थान के लिए हम इस इंडस्ट्री के उच्चतम मानकों और सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता नियंत्रण का पालन करते हैं।

कठिन परीक्षण के जरिये पीवी मॉड्यूल की गुणवत्ता और विश्वसनीयता की जांच के लिए कीवा पीवीईएल का प्रोडक्ट क्वालिफिकेशन प्रोग्राम (पीओपी) सबसे वृहद जांच है।

अदाणी सोलर के पीवी मॉड्यूल इन जांचों में सफलतापूर्वक खरे उतरे। उनकी विश्वसनीयता और प्रदर्शन उद्योग में अग्रणी स्तर पर पाई गई।

कीवा पीवीईएल के बिक्री एवं विपणन के उपाध्यक्ष ट्रिस्टन एरिऑन-लोरिको ने कहा, पीवी मॉड्यूल रिलाएबिलिटी स्कोरकार्ड में लगातार सातवें साल टॉप परफॉर्मर का सम्मान पाने के लिए अदाणी सोलर की टीम को बधाई। अदाणी सोलर के हमारी रिपोर्ट में एक बार फिर शामिल होने की हमें खुशी है। हम निकट भविष्य में कंपनी को सतत विकास की राह पर बढ़ते देखने की उम्मीद करते हैं।

अदाणी सोलर वर्टिकली इंटीग्रेटेड सोलर पीवी बनाने वाली देश की पहली और एकमात्र कंपनी है। इसके पास वर्तमान में चार गीगावाट के सेल एवं मॉड्यूल, दो गीगावाट के इनगॉट और वेफर बनाने के संयंत्र हैं।

कंपनी गुजरात के मुंद्रा में 10 गीगीवाट क्षमता वाली देश की पहली पूरी तरह एकीकृत और व्यापक सोलर इकोसिस्टम विनिर्माण इकाई लगा रही है।

# धोखाधड़ी कम करने के लिए डिजिटल पेमेंट्स इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म लाएगा आरबीआई

**मुंबई**




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) डिजिटल पेमेंट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म शुरू करेगा ताकि आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग करके पेमेंट के दौरान होने वाले जोखिम को कम किया जा सके। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एनपीसीआई के पूर्व एमडी और सीईओ एपी होता के नेतृत्व में एक समिति बनाई है। इसमें डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म स्थापित करने के लिए एक प्लेटफॉर्म स्थापित करने के सभी पहलुओं की जांच की जाएगी। समिति दो महीने में अपनी रिपोर्ट देगी।

आरबीआई गवर्नर ने बताया कि कई बार लोगों के साथ कई प्रकार के फ्रॉड हो जाते हैं। पेमेंट इकोसिस्टम (बैंक, एपीसीआई, कार्ड नेटवर्क और पेमेंट ऐप्स) की ओर से ग्राहकों को बचाने के लिए अलग-अलग तरह के कदम उठाए गए हैं। ऐसे में नेटवर्क लेवल की इंटेलिजेंस की आवश्यकता है, जिससे सभी प्लेटफॉर्मों के बीच रियल टाइम डेटा शेयर किया जा सके।

दास ने कहा कि रिजर्व बैंक ने पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल पेमेंट की सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए हैं, जिससे लोगों का इनके प्रति विश्वास बढ़े। इस विश्वास को बनाए रखने के लिए फ्रॉड को कम करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि आरबीआई सुरक्षा बढ़ाने के उपाय के रूप में वार्षिक हैकाथॉन का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे प्रमुखता वाले क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा दिया जा सके।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वैश्विक हैकथॉन के तीसरे संस्करण, हार्बिंगर 2024 - इनोवेशन फॉर ट्रांसफॉर्मेशन की दो बड़ी थीम शून्य वित्तीय धोखाधड़ी और दिव्यांगों के अनुकूल होना होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी जल्द दी जाएगी।

# न्यूयॉर्क की पिच मानकों के अनुरूप नहीं है: आईसीसी

**न्यूयॉर्क**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने स्वीकार किया है कि नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पिचें मानकों के अनुरूप नहीं हैं और उसने वादा किया कि टी 20 विश्व कप के शेष मैचों के लिए इसमें सुधार किया जाएगा।

इस स्थल पर खेले गए दो मैचों में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 100 से भी कम रन बनाये हैं और विकेट से अतिरिक्त उछाल तथा अतिरिक्त स्विंग ने दूसरी पारी में खेलने वाली टीमों को भी परेशान किया है।

इस मैदान पर खेले गए टी 20 विश्व कप के पहले मैच में श्रीलंका की टीम 77 रन पर लुढ़क गयी जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 16 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

दूसरे मैच में भारत ने आयरलैंड को 96 रन पर समेट दिया और भारत ने 12.2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

# पेटीएम ने यूपीआई लेनदेन में सुधार के दिखाए शुरुआती संकेत

**नई दिल्ली**

भारत में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का चलन बढ़ता जा रहा है। हर कोई पेमेंट के लिए यूपीआई का उपयोग करता है। इस बीच पेमेंट एंड फाइनेंशियल सर्विस कंपनी पेटीएम को अपने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) बिजनेस में सुधार और मजबूत स्थिरता के शुरुआती संकेत मिल रहे हैं। यह कंपनी के लिए जबरदस्त वापसी का संकेत है।

मई में पेटीएम प्लेटफॉर्म पर प्रोसेस्ड यूपीआई ट्रांसक्शन्स (लेनदेन) का कुल मूल्य बढ़कर




1.24 ट्रिलियन रुपये हो गया। इसका श्रेय कंपनी द्वारा शुरू की गई कई पहलों को जाता है -- यूपीआई पर क्रेडिट कार्ड, यूपीआई लाइट आदि।

मई में प्लेटफॉर्म पर कुल लेनदेन 1.14 बिलियन पर स्थिर होने के साथ पेटीएम मार्केट हिस्सेदारी के मामले में तीसरा सबसे बड़ा प्लेयर बन गया। जबकि यह मार्च में एक थर्ड-पार्टी एप्लीकेशन प्रदाता (टीपीएपी) बन गया था। पेटीएम मार्केट हिस्सेदारी के मामले में तीसरी सबसे बड़ी कंपनी बनी हुई है। इसके अलावा, अपने मर्चेंट बेस के विस्तार को देखते हुए कंपनी पीयर-टू-मर्चेंट (पी2एम) यूपीआई लेनदेन में सबसे आगे बनी हुई है।

पेटीएम एकमात्र भारतीय कंपनी है जो गूगल पे और फोनपे के अधिकार (डुओपोली) को चुनौती दे रही है।

यूपीआई ने मई 2024 में करीब 14 बिलियन लेन-देन संभालकर एक मील का पत्थर हासिल किया। यह 49 प्रतिशत साल-दर-साल की वृद्धि है और 20.45 ट्रिलियन रुपये के लेनदेन संसाधित (प्रोसेस्ड) किए गए, जो 2016 में लॉन्च होने के बाद से सबसे ज्यादा है। यह उछाल भारतीय उपभोक्ताओं और व्यवसायों के बीच डिजिटल पेमेंट के लिए बढ़ती प्राथमिकता को रेखांकित करता है।

यूपीआई को लेकर पेटीएम उत्साहित है। उसने अपनी यूपीआई सर्विस को बढ़ाने के लिए एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और यस बैंक समेत विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ साझेदारी की है।

# मुंबई में जन्मे नेत्रवलकर ने पाकिस्तान को चटाई धूल

**डलास (अमेरिका)**

मुंबई में जन्मे तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर ने सह मेजबान अमेरिका को टी20 विश्व कप में सुपर ओवर में 2009 के चैंपियन और 2022 के उपविजेता पाकिस्तान के खिलाफ गुरूवार को शानदार जीत दिलाकर क्रिकेट इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया।

इंजीनियर से क्रिकेटर बने सौरभ को सुपर ओवर में 18 रन बचाने की जिम्मेदारी दी गयी और उन्होंने अपने चमत्कारिक प्रदर्शन से लाखों पाकिस्तानी प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया।

नेत्रवलकर और बाबर आजम के बीच प्रतिद्वंद्विता, 2010 अंडर19 विश्व कप से चली आ रही है, जहां बाबर की पाकिस्तान टीम ने क्वार्टर फाइनल में नेत्रवलकर के भारत को हराया था।

14 साल बाद, नेत्रवलकर, जो अब अमेरिकी टीम के प्रमुख सदस्य हैं, ने एक यादगार बदलाव की योजना बनाई, जिससे उनकी टीम को टी20 विश्व कप में बाबर की पाकिस्तानी टीम पर जीत मिली।

नेत्रवलकर की यात्रा भारत के मुंबई में शुरू हुई, जहां क्रिकेट के प्रति उनका जुनून शहर की जीवंत रोशनी से भी आगे निकल गया। क्रिकेट के दीवाने देश में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के बावजूद, उन्होंने भारत की सीमाओं से परे अवसरों की तलाश करने का विकल्प चुना।



संयुक्त राज्य अमेरिका में अपनी जगह तलाशते हुए, नेत्रवलकर ने एक ऐसे देश का प्रतिनिधित्व करने की चुनौती को स्वीकार किया जहां क्रिकेट अभी भी अपनी जगह बना रहा था। उनके बाएं हाथ की अद्वितीय गति और विशाल कद ने उन्हें एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी बना दिया, जिससे अक्सर बल्लेबाज़ चकित रह जाते थे।

हालाँकि, उनकी यात्रा चुनौतियों से भरी थी। ओरेकल में एक वरिष्ठ सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में अपने करियर के साथ अपनी क्रिकेट आकांक्षाओं को संतुलित करने के लिए अथक समर्पण की आवश्यकता थी। फिर भी, नेत्रवलकर की दोनों कार्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# प्राग्नानंदा, वैशाली हारे ; कार्लसन, तिंगजी ने हासिल की महत्वपूर्ण जीत

**स्टावेंजर (नॉर्वे)**



नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट रोमांचक फिनिश की तरफ बढ़ रहा है। टूर्नामेंट के नौवें राउंड में सभी क्लासिकल बाजियां ड्रा रहीं और विजेता का फैसला आर्मगेडन टाई-ब्रेकर के जरिये हुआ। भारत के प्राग्नानंदा आर को फाबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मगेडन में हार झेलनी पड़ी। प्राग्नानंदा के पास इस हार के बावजूद खिताब जीतने का मौका है। उन्हें आखिरी राउंड में हिकारू नाकामूरा को हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि स्थानीय हीरो मैग्नस कार्लसन अपनी बाजी कारूआना से हार जाएं। पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन ने नौवें राउंड में अलीरेजा फ़िरोजा पर आर्मगेडन में जीत से अपनी बढ़त बढ़ा ली है। इसका मतलब है कि कार्लसन के लिए फ़ाइनल राउंड में जीत खिताब पर उनका कब्ज़ा पूरी तरह सुनिश्चित कर देगी। नाकामूरा, जो मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से आर्मगेडन में हार गए, को काले मोहरों से खेलने के बावजूद प्राग्नानंदा के खिलाफ जीत की उम्मीद करनी होगी ताकि वह भी खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकें। इस बीच महिला टूर्नामेंट में दिन की एकमात्र क्लासिकल जीत लेई तिंगजी की वैशाली आर के खिलाफ बाजी में रही। चीनी ग्रैंडमास्टर ने सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए 30 चालों में जीत दर्ज की और फ़ाइनल राउंड में खिताब जीतने के अपने मौके बढ़ा लिए। महिला विश्व चैंपियन जू वेन्जुन ने आर्मगेडन में कोनेरू हम्पी को हराकर डेढ़ अंक की बढ़त बना ली है। अन्ना मुजीचुक ने पिया क्रैमलिंग पर टाई ब्रेक में जीत हासिल की। टूर्नामेंट में एक राउंड शेष रहते वेन्जुन, तिंगजी और मुजीचुक के बीच केवल डेढ़ अंक का फासला है और टूर्नामेंट रोमांचक फिनिश की तरफ बढ़ रहा है।

# राघव लॉरेंस ने किया कंचना के चौथे भाग का ऐलान, पहला पोस्टर भी आया सामने

राघव लॉरेंस के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म कंचना तमिल सिनेमा की यादगार फिल्मों में से एक है।यह फिल्म साल 2011 में आई थी और इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला।हॉरर और सस्पेंस से भरपूर फिल्म कंचना के अब तक तीन भाग आ चुके हैं और पिछले कुछ समय से दर्शक इस फिल्म की चौथी किस्त का इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो गया है।दरअसल, लॉरेंस ने कंचना 4 का ऐलान कर दिया है।



कंचना 4 का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसमें बड़े-बड़े अक्षरों में तमिल भाषा में कंचना 4 लिखा है।इस फिल्म की कहानी खुद लॉरेंस ने लिखी है। कंचना 4 की शूटिंग सितंबर, 2024 में शुरू हो जाएगी।कंचना का दूसरा भाग 17 अप्रैल, 2015 को सिनेमाघरों में रिलीज हुआ था, वहीं कंचना 3 19 अप्रैल, 2019 को आया था।

कंचना 4 का निर्देशन और निर्माण राघव लॉरेंस कर रहे हैं, फिलहाल वह अपनी आगामी फिल्म बेंज को लेकर व्यस्त चल रहे हैं। यह एक हॉरर थ्रिलर फिल्म है, जिसे मशहूर निर्देशक लोकेश कनगराज ने लिखा है। फिल्म का निर्देशन बक्कियाराज कन्नन कर रहे हैं। इस फिल्म के बाद वह कंचना 4 की शूटिंग शुरू करेंगे। अभिनेता को हॉरर फिल्मों में पसंद करने वाले फैंस के लिए यह डबल तोहफा होगा। वह एक के बाद एक लगातार दो हॉरर फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

# रवितेजा के भतीजे माधव स्टाटर पहली फिल्म मिस्टर इडियट का टीजर जारी

मास महाराज रवितेजा के भतीजे माधव अभिनीत फिल्म मिस्टर इडियट में नायिका के रूप में सिमरन शर्मा हैं। जेजेआर एंटरटेनमेंट्स और सुश्री यालामांची रानी के बैनर तले जेजेआर रविचंद द्वारा निर्मित, यह फिल्म गौरी रोनांकी द्वारा निर्देशित है, जिन्होंने पेली सांडा डी से व्यावसायिक सफलता हासिल की थी। आज रवितेजा ने सोशल मीडिया पर मिस्टर इडियट का टीज़र जारी किया। टीज़र में सत्या (सिमरन शर्मा द्वारा अभिनीत) का परिचय दिया



गया है, जो ध्रुव फैशन डिजाइनिंग कॉलेज की एक शीर्ष छात्रा है, जो अपने अद्वितीय डिजाइन कौशल के लिए जानी जाती है। इस दौरान, हीरो (माधव) कॉलेज में प्रवेश करता है और सत्या को मल्टीपल कहकर चिढ़ाता है।

# करण जौहर की किल का टीजर जारी, जबदस्त एक्शन करते नजर आए लक्ष्य लालवानी

लक्ष्य लालवानी बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। उनके करियर की पहली फिल्म किल पिछले कुछ समय से लगातार चर्चा में है।फिल्म के निर्देशक की कमान निखिल नागेश भट्ट ने संभाली है। करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं।अब निर्माताओ ने किल का दमदार टीजर जारी कर दिया है, जिसमें लक्ष्य ट्रेन में जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं।राघव जुयाल भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तडक़ा लगाते हुए नजर आएंगे।

करण किल के जरिए लक्ष्य को दर्शकों के बीच पेश करने वाले हैं। उन्होंने इस फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा के साथ मिलकर किया है।यह फिल्म 5 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।किल में लक्ष्य की जोड़ी पहली बार तान्या मानिकतला के साथ बनी है। तान्या भी इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं।इस फिल्म के एक्शन सीक्वेंस कोरिया के जाने-माने एक्शन सीक्वेंस एक्सपर्ट ओह के देखरेख में शूट किए गए हैं।

निखिल नागेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म किल के लिए दर्शकों में काफी उत्साह




देखने को मिल रहा है। पिछले दिनों गुनीत मोंगा द्वारा साझा किए फिल्म के दृश्यों को देखकर लगता था कि इस फिल्म की कहानी ट्रेन के इर्द-गिर्द घूमती दिखेगी। हालांकि, अब टीजर रिलीज के बाद ट्रेन में खतरनाक एक्शन सीन्स देख दर्शकों के पसीने छूट गए हैं। बता दें कि टीजर रिलीज से पहले गुनीत ने इसकी एक झलक साझा करते हुए लिखा था, साल के सबसे भयंकर और भयावह खूनी खेल के लिए तैयार हो जाइए। किल एक थ्रिलर क्राइम पर आधारित फिल्म है।

करण जौहर के प्रोडक्शन में बनी फिल्म किल अपने रिलीज से पहले ही काफी सुर्खियां बटोर रही है। इस फिल्म का प्रीमियर टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ था।

# शब्द सामर्थ्य- 81

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 080 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

# सू-दोकू- 81

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 080 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

# आज का राशिफल

**मेष:** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व और स्वभाव में सकारात्मक परिवर्तन होने से परिवार वाले प्रसन्न होंगे। पहले किये गये किसी सामाजिक कार्य के लिए आपको सम्मानित किया जायेगा।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपनी कोई भी खास बात किसी से शेयर ना करें। आज माता जी की सलाह से लिया गया कोई भी निर्णय भविष्य में लाभदायक साबित होगा।

**मिथुन:** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा और रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना दूसरों के बीच आकर्षण का केंद्र बनेगा। आज किसी रुके हुए काम को पूरा करने के लिए उचित समय है।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसायिक कार्यप्रणाली में किसी भी तरह का बदलाव न करें। यह समय रुकी हुई पेमेंट को कलेक्ट करने और आर्थिक स्थितियों को मजबूत करने के लिए उत्तम है।

**सिंह:** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित जानकारी हासिल करने से ज्यादा सफलता मिलेगी। आज आपके सरल स्वभाव का कुछ लोग फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों के लिए आपका व्यवहार अच्छा रहेगा, आपके अंदर नयी ऊर्जा का संचार होगा। आज आपको जो भी काम दिया जाएगा उसे अच्छे से पूरा करने में सफल होंगे।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज का समय उपलब्धियों वाला है। आज अपनी पूरी मेहनत व ऊर्जा अपने कार्यों के प्रति लगाएंगे। लवमेट आज आपको कोई सरप्राइस देंगे।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति विशेष के बारे में सोच कर रोमांचित रहेंगे। आज आपको कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं। आज बिजनेस की प्रगति के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग करेंगे।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी की सलाह मिलने से आपका हौसला बढ़ेगा और आप काम को बढ़िया तरीके से करेंगे। करियर को बेहतर बनाने के लिए आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके परिवार में आपसी प्रेम रहेगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से आज सब कुछ ठीक रहेगा। आपकी इनकम अच्छी रहेगी।

**कुंभ:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। लोगों के मन में आपके प्रति सम्मान का भाव रहेगा यह देखकर आपको ख़ुशी होगी। आज आप घर के कामों में अपनी माँ की मदद करेंगे और भविष्य को लेकर आप बातचीत भी करेंगे।

**मीन:** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका जो उद्देश्य है, उससे जुड़े विचारों पर ध्यान देने की कोशिश करें। मित्रों के साथ बिताए हुए समय को सोचकर आनंदित होंगे। आज आपको संतान पक्ष से खुशखबरी मिलेगी।